प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 20.05.2024 समय 18.30

00000

- भीलवाडा शाहपुरा जिले के कोटडी में बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के दोनों दोषियों को फांसी की सजा।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के सभी संकायों के परिणाम घोषित–कॉमर्स में सर्वाधिक करीब 99 प्रतिशत विद्यार्थी उत्त्तीर्ण।
- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न।
- राज्य के अधिकांश स्थानों पर दिन का पारा 44 से 47 डिग्री के बीच दर्ज–कई जगह रात में भी लू का असर।

0000

भीलवाडा शाहपुरा जिले के कोटडी में एक बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने के मामले में आज पॉक्सो कोर्ट ने दोनों मुख्य आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। इस मामले में शनिवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी माना था और सात महिला पुरुष आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले की सरकार की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक महावीर किशनावत ने कहा कि जिन सात आरोपियों को बरी किया गया है उनके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की जायेगी। मृतक बालिका के परिजन ने कहा कि आज कोर्ट ने वास्तव में न्याय किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज का फैसला आने के बाद भविष्य में ऐसी दरिंदगी देश में किसी बच्ची के साथ नहीं होगी।

......

0000

राजस्थान में इस साल ई–अभियोजन, ई–जेल और अपराध तथा क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम में अन्य राज्यों की तुलना मे बेहतर कार्य हुआ है। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज एक बैठक में ये जानकारी दी। इंटर–ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में गठित राज्य स्तरीय समिति की इस बैठक में आईसीजेएस कार्ययोजना पर चर्चा कर प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। श्री पंत ने कहा कि यह परियोजना स्मार्ट पुलिसिंग को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी इसलिए इसकी शीघ्र सफल क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि 'वन डेटा, वन एंट्री' के सिद्धांत पर बनाये जा रहे आईसीजेएस 2.0 का मुख्य उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली के पांच स्तंभों पुलिस, ई–अभियोजन, ई–जेल, ई–न्यायालय, ई–फोरेंसिक को एकीकृत कर डेटा का निर्बाध आदान–प्रदान करना है। एनसीआरबी को इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है जो एनआईसी के सहयोग से काम करेगा।

0000

उच्चतम न्यायालय ने आज भारतीय दंड संहिता, आपराधिक दंड संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता से व्यक्तिगत रूप से कहा कि यह याचिका खारिज किए जाने योग्य है। याचिका पर विचार करने में शीर्ष अदालत की अनिच्छा को भांपते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि उसे याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। इस अवकाश पीठ में न्यायमूर्ति पंकज मित्तल भी शामिल थे। न्यायालय ने कहा कि यह याचिका बहुत ही अनौपचारिक और लापरवाह तरीके से दायर की गई है। आखिर में याचिका को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया।

जनहित याचिका में कहा गया था कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कई खामियां और विसंगतियां हैं।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिये गये हैं। बोर्ड के प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने नतीजे जारी किये। विज्ञान वर्ग में 97 दशमलव 73, कॉमर्स वर्ग में 98 दशमलव 95 और आर्ट्स वर्ग में 96 दशमलव 88 फीसद छात्र–छात्राएं पास हुए। सबसे बड़ी बात यह रही कि तीनों संकाय के रिजल्ट में लड़कों को पछाड़ते हुए लड़कियों ने अपना परचम लहराया। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया इस साल 2024 में कला, विज्ञान और कॉमर्स तीनों का रिजल्ट एक साथ आया है। इससे पहले कोरोना काल में तीनों संकाय का रिजल्ट एक साथ घोषित किया गया था। गत वर्ष की तुलना में इस बार का रिजल्ट अधिक रहा है। आज ही वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया गया। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

0000

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ये हादसा दौसा जिले के लालसोट क्षेत्र के संवासा गांव के पास हुआ। जहां तीन ट्रकों के आपस में टकराने से ये बडी दुर्घटना हुई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को लालसोट के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें जयपुर रेफर कर दिया। इसी हाइवे पर अलवर से दौसा की तरफ जा रही एक कार रैणी के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस के जरिए दौसा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर घायलों को जयपुर रैफर कर दिया गया। एक अन्य दुर्घटना में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर मानपुर चौराहे के पास एक बेकाबू ट्रेलर ने राहगीर को कुचल दिया। इस हादसे में राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई।

0000000

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत आज छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट पर वोट डाले गये। आज केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और के.एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला तथा लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के चिराग पासवान सहित कुल छह सौ पिच्यानवे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। इस बीच लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरण का चुनाव जोर शोर से चल रहा है। छठे चरण का मतदान 25 मई को और सातवें तथा अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

00000

राज्य के अधिकांश स्थानों पर दिन का पारा 44 से 47 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अजमेर, जयपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभागों में ज्यादातर स्थानों पर तथा उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं लू के हालात रहे। राज्य में कुछ स्थानों पर रात में भी लू का असर रहा। सुबह 9–10 बजे ही पारा 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर हो जाता है। इस कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। जिलों में प्रशासन की ओर से लू, ताप घात तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है। **बूंदी** जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। खासकर हाईरिस्क वाले लोगों को ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत बताई गई है। **चूरू** में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानि ने आवारा गौ वंश को गौ शाला में भिजवाने का काम शुरू कर दिया है। गौशाला संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे सुरक्षित तरीके से गौवंश के लिए छाया पानी और आहार की समुचित व्यवस्था करे।

**झालावाड** में दिन भर झुलसा देने वाली लू चलती रही और इस गर्मी में पंखे कूलर बेअसर हो रहे है, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर बनाकर ओआरएस पैकेट और लिक्विड ओआरएस रखवाए हैं। झालावाड के आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में पढने तथा रहने वाले छात्र–छात्राओं को गर्मी के मौसम से बचाव के लिये ओआरएस पैकेट वितरित किये गये। बूंदी में भी भीषण गर्मी के कारण बाजारों में चहल पहल कम रही। गर्म हवाओं और लू से पशु पक्षी भी प्रभावित रहे। हालांकि

शाम 4 बजे के बाद बादल छाने से थोडी राहत जरूर मिली। उधर बारां में भीषण गर्मी के बाद दोपहर बाद हल्की बारिश गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। विभाग ने कहा है कि आगामी एक सप्ताह तक मौसम में किसी विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

0000

स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। वहीं बीकानेर जोन में पिछले कुछ समय में डेंगी के मामलों के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि बीकानेर जोन की राज्य स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही राज्य स्तर की टीम ने भी वहां दौरा कर मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में सुधार के लिए विभाग के संयुक्त निदेशक और मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिले में डेंगी प्रभावित इलाकों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने को भी कहा गया है। डॉ. माथुर ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए चलाए जा रही गतिविधियों में सुधार के लिए फील्ड स्टाफ का प्रशिक्षण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि बीकानेर में डेंगी के अब तक 206 मामले रिपोर्ट हो चुके हैं।

00000

खान विभाग मानसून के दौरान राज्य के खनन क्षेत्रों और विभागीय कार्यालयों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करवायेगा। खान विभाग की सचिव आनन्दी ने बताया कि क्लस्टर आधार पर भी पौधारोपण करवाया जाएगा। श्रीमती आनन्दी ने बताया कि माइनिंग सेक्टर में इस मानसून सीजन में पांच लाख से अधिक पौधे लगाये जाएंगे। वृक्षारोपण कार्य के लिए सभी विभागीय कार्यालयों में एक–एक अधिकारी को इस कार्य के देखरेख की जिम्मेदारी दी जाएगी वहीं मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण और विकास दीपक तंवर मॉनिटरिंग करेंगे। खान सचिव ने कहा कि प्रत्येक जिले के खनन पट्टा क्षेत्रों में जहां खनन कार्य पूरा होकर बंद हो चुका है वहां कम से कम एक खान चिन्हित कर उसका पुनर्भरण करवाने और फिर उस स्थान पर व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के बाद इनकी सार संभाल भी की जायेगी।

0000